# किताबें

---

**पाठ का सार-** इस कविता के माध्यम से जीवन में किताबों के महत्त्व के बारे में बताया गया है। इस कविता के रचयिता कवि सफदर हाशमी हैं। इसमें बताया गया है कि किताबें ही वह जरिया है जिससे हम हर समय तथा हर विषय से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। किताबें ज्ञान का भंडार होती हैं। जीवन के हर पहलू से जुड़ी जानकारियाँ हमें किताबों के माध्यम से मिलती हैं तथा यह ज्ञान एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक किताबों के माध्यम से ही हस्तान्तरित होता है। इसलिए हमारे जीवन में किताबों का बहुत महत्त्व है।

**कठिन-शब्दार्थ एवं सरलार्थ**

**(1)**
**किताबें करती हैं........ पास रहना चाहती है। (पृष्ठ 61)**

**कठिन-शब्दार्थ-** बीता जमाना = बीता हुआ काल/युग । गम = दुःख । बम = धमाके से फटने वाला हथियार। प्यार = स्नेह ।

**सरलार्थ-** कवि कहता है कि किताबें हमें इतिहास की बातें बताती हैं। हमारे पूर्वजों द्वारा अर्जित ज्ञान को हम तक पहुँचाती हैं। किताबें भविष्य की जानकारियाँ व ज्ञान भी देती हैं। किताबों से ही हमें आज के मनुष्यों की पल-पल की जानकारी मिलती है। किताबों से ही हमारे मनोभावों, हमारी खुशी, दुःख, सुख, प्रसन्नता इत्यादि का ज्ञान मिलता है। दरअसल किताबों में हमारे लिए सीखने और जानने के लिए बहुत कुछ है। इसलिए हमें हमेशा किताबों से जुड़कर रहना चाहिए।

**(2)**
**किताबों में...............................पास रहना चाहती है। (पृष्ठ 61)**

**कठिन-शब्दार्थ-** किस्से = कहानियाँ/बातें । रॉकेट = एक प्रकार का वायुयान । राज़ = रहस्य/भेद । साइंस = विज्ञान। आवाज़ = बातें । संसार = दुनिया। भरमार = बहुतायत।

**सरलार्थ-** कवि कहता है कि किताबों में पशु-पक्षियों की बातें हैं, खेती की बातें हैं और प्राकृतिक सुन्दरता की बातें हैं। किताबों के माध्यम से ही हमें परियों के किस्से-कहानियों के संसार का आनन्द मिलता है। किताबों में रॉकेट का या अंतरिक्ष और पृथ्वी के रहस्यों का ज्ञान मिलता है। किताबें ही हमें ज्ञानविज्ञान के संसार से हमें परिचित कराती हैं। इसके साथ ही कवि यह भी कहता है कि हर व्यक्ति को किताबों में छुपे इस ज्ञान को प्राप्त करना चाहिए, क्योंकि इन किताबों में हमारे लिए बहुत कुछ है। इसलिए | हमें हमेशा किताबें, अपने पास रखनी चाहिए, अर्थात् किताबों से जुड़कर रहना चाहिए।

## पाठ्यपुस्तक के प्रश्नोत्तर

### सोचें और बताएँ

**प्रश्न 1.** किताबें क्या करती हैं ?
**उत्तर:** किताबें हमसे बातें करके ज्ञान देती हैं।

**प्रश्न 2.** किताबें किन-किन की बातें करती हैं ?
**उत्तर:** किताबें बीते जमाने की, दुनिया और इंसानों की बातें करती हैं। वे खुशी, गम, जीत-हार, प्यार आदि की सभी बातें करती हैं।

**प्रश्न 3.** किताबें क्या करना चाहती हैं?
**उत्तर:** किताबें बातें करना और हमारे पास रहना चाहती हैं।

## लिखें

### प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें

(अ) किताबें .............. चाहती हैं।
(ब) किताबों में ................ की आवाज है।
(स) किताबों में ............. की भरमार है।

**उत्तर:** (अ) कुछ कहना (ब) साइंस (स) ज्ञान

**प्रश्न 2.** किताबों में किसका राज़ है ?
**उत्तर:** किताबों में रॉकेट, अर्थात् अंतरिक्ष का राज़ है।

**प्रश्न 3.** किताबों से तुम्हें किन-किन बातों की जानकारी मिलती है ?
**उत्तर:** किताबों से हमें इतिहास, विज्ञान, अंतरिक्ष, भविष्य और मनुष्य के रोजाना के क्रिया-कलापों की जानकारी मिलती है।

**प्रश्न 4.** किताबें जमाने में इंसानों की बातें कैसे करती हैं?
**उत्तर:** किताबें हमें बताती हैं कि कैसे इंसान का उद्भव और विकास हुआ तथा कैसे इंसान प्रगति करता हुआ आज के समय तक पहुँचा है।

**प्रश्न 5.** यदि किताबें नहीं होतीं तो क्या होता? अपने विचार लिखें।
**उत्तर:** यदि किताबें नहीं होती तो हम ज्ञान प्राप्त नहीं कर पाते । पुराना ज्ञान आगे की पीढ़ी तक नहीं पहुँच

पाता। हमें देखने, सुनने के याद रखने की क्षमता से ही ज्ञान हासिल करना पड़ता । मनुष्य जाति का विकास भी रुक जाता और अनेक समस्याओं का हल करना भी कठिन हो जाता।

## भाषा की बात

### प्रश्न 1. इनकी आवाज को नाम दो

(अ) चिड़ियाँ के बोलने की – चहचहाट
(ब) पत्तों के हिलने की – ............
(स) बादल के गरजने की – .............
(द) नदी के बहने की – .............
उत्तर–(ब) सरसराहट
(स) गड़गड़ाहट
(द) कल-कल।

### प्रश्न 2. पाठ में फूल शब्द आया है-फूल को सुमन, कुसुम, प्रसून आदि भी कहते हैं। इन शब्दों को समानार्थी कहते हैं। इसी प्रकार निम्न शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए

संसार – ...............
हवा – ..............
पानी – ..............
आकाश – ..............
किताबें – ..............
मनुष्य – ..............
बादल – ..............

उत्तर–
संसार – विश्व, दुनिया।
हवा – पवन, वायु, समीर।
पानी – नीर, जल, वारि।
आकाश – आसमान, व्योम, नभ।
किताबें – पुस्तकें, पोथियाँ।
मनुष्य – मानव, नर, मनुज।
बादल – जलद, मेघ, वारिद।

## अन्य महत्त्वपूर्ण प्रश्नोत्तरवस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. किताबों से हमें मिलता है?**

(अ) ज्ञान
(स) दौलत
(ब) चित्रों की
(द) कुछ नहीं

**उत्तर:** (अ) ज्ञान

**प्रश्न 2. बीते जमाने की बातों से क्या आशय है ?**

(अ) विज्ञान की बातें
(ब) इतिहास की बातें
(स) साहित्य की बातें
(द) भविष्य की बातें

**उत्तर:** (ब) इतिहास की बातें

**प्रश्न 3. किताबों में किस चीज की भरमार है ?**

(अ) कागजों की
(ब) चित्रों की
(स) ज्ञान की
(द) अज्ञान की

**उत्तर:** (स) ज्ञान की

**प्रश्न 4. किताबों में ........... की आवाज है।**

(अ) ध्वनि
(ब) हिन्दी
(स) साहित्य
(द) साइंस

**उत्तर:** (द) साइंस

## रिक्त स्थान भरो

**(लिखना, रॉकेट, गुनगुनाते, कहना, किस्से)**

**प्रश्न 1.** किताबों में झरने ............ हैं।
**प्रश्न 2.** परियों के .......... सुनाते हैं।
**प्रश्न 3.** किताबों में ................. का राज़ है।
**प्रश्न 4.** किताबें कुछ .......... चाहती हैं।

**उत्तर:** 1. गुनगुनाते, 2. किस्से, 3. रॉकेट, 4. कहना

**नीचे दिए गए वाक्यों में सही होने पर (✓) तथा गलत होने पर (✗) का निशान लगाएँ**

**प्रश्न 1.** किताबों से हमें ज्ञान मिलता है।
**उत्तर:** (✓)

**प्रश्न 2.** बीते जमाने की बातों की जानकारी किताबों से नहीं मिलती है।
**उत्तर:** (✗)

**प्रश्न 3.** किताबों का छोटा-सा संसार है।
**उत्तर:** (✗)

**प्रश्न 4.** किताबों से ज्ञान-विज्ञान की जानकारी मिलती है।
**उत्तर:** (✓)

**प्रश्न 5.** किताबें करती हैं बातें।
**उत्तर:** (✓)

## अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1.** किताबों में किस चीज की भरमार है ?
**उत्तर:** किताबों में ज्ञान की भरमार है।

**प्रश्न 2.** किताबें किसके किस्से सुनाती हैं ?
**उत्तर:** किताबें परियों के किस्से सुनाती हैं।

**प्रश्न 3.** क्या तुम इस संसार में नहीं जाना चाहोगे ? कवि ने किस संसार में जाने की बात कही है ?
**उत्तर:** कवि ने किताबों के संसार में जाने की बात कही है।

**प्रश्न 4.** किताबों में साइंस की आवाज से क्या आशय है?
**उत्तर:** इससे यह आशय है कि साइंस की प्रगति को सारा ज्ञान किताबों में ही लिखा गया है।

**प्रश्न 5.** किताबें किनके पास रहना चाहती हैं?
**उत्तर:** किताबें हमारे पास अर्थात् पढ़े-लिखे लोगों के पास रहना चाहती हैं।

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1.** किताबों में रॉकेट का राज़ है। इस पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?
**उत्तर:** इस पंक्ति के माध्यम से कवि यह कहना चाहता है कि किताबों से मिले ज्ञान से आज मनुष्य ने अंतरिक्ष में रॉकेट उड़ाकर अंतरिक्ष के रहस्यों को जान लिया है।

**प्रश्न 2.** किताबें क्या कहना चाहती हैं? समझाइये।
**उत्तर:** किताबों में अतीत से लेकर भविष्य तक का, मानव के जीवन से जुड़े हर पहलू का ज्ञान भरा पड़ा है। किताबों से वह ज्ञान हम प्राप्त कर सकते हैं।
अतः किताबें उस ज्ञान को प्राप्त करने के लिए कहना चाहती हैं।

## निबन्धात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. किताबें’ कविता से क्या शिक्षा मिलती है? लिखिए।**

**अथवा**

**किताबों का जीवन में क्या महत्त्व है? बताइए।**

**अथवा**

**किताबें हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी हैं?**

**उत्तर:** किताबों में मानव-इतिहास का वर्णन मिलता है। इनमें ज्ञान का भण्डार भरा पड़ा है। विज्ञान की प्रगति एवं भविष्य की उन्नति का ज्ञान भी इन्हीं से मिलता है। मनुष्य के जीवन की समस्याओं का समाधान भी किताबें करती हैं। किताबों में सारी जानकारियाँ भरी रहती हैं। इस कारण जीवन में किताबों का बहुत महत्त्व है। हमें अपने जीवन को सही रास्ते पर ले जाने के लिए किताबों का सहारा लेना चाहिए और इनसे ज्ञान की बातें हासिल करनी चाहिए।